**INTERMEDIATE EXAMINATION – 2021 (ANNUAL)** | 106/206 |

**HINDI (Model Set)**

**समय : 03 घंटा 15 मिनट** **(हिन्दी)** **पूर्णांक :– 100**

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**कुल प्रश्नों की संख्या– 100 + 6 = 106**

**I.Sc. & I.Com. – LL- HINDI (OPT)**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते हैं तो प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जायगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

1. 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) मोहन राकेश (B) उदय प्रकाश

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) मलयज

2. 'शिक्षा' शीर्षक संभाषण के वक्ता कौन हैं ?

(A) जय प्रकाश नारायण (B) भगत सिंह

(C) जे0 कृष्णमूर्ति (D) नामवर सिंह

3. मलयज का मूल नाम क्या था?

(A) भरत जी श्रीवास्तव (B) राम सक्सेना

(C) त्रिलोकी श्रीवास्तव (D) गंगा राम

4. 'प्रगीत और समाज' किस विधा की रचना है?

(A) आलोचनात्मक निबंध (B) जीवनी

(C) आत्मकथा (D) ललित निबंध

5. 'उसने कहा था' किस प्रकार की कहानी है?

(A) कर्म प्रधान (B) भाव प्रधान



BiharboardQuestionpaper.com

(C) चरित्र प्रधान

(D) धर्म प्रधान

6. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ के रचयिता कौन हैं?

(A) उदय प्रकाश

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) राजेश्वर

(D) मोहन राकेश

7. ओमप्रकाश वाल्मीकि के माता–पिता का नाम है –

(A) मकुंदी देवी एवं छोटन लाल

(B) दमयन्ती देवी एवं किशोरी लाल

(C) गीता देवी एवं मंगनी लाल

(D) प्रभा देवी एवं मंगल राम

8. भगत सिंह का जन्म कब हुआ था ?

(A) 28 सितंबर 1950 ई0

(B) 28 सितंबर 1907 ई0

(C) 18 सितंबर 1947 ई0

(D) 10 दिसम्बर 1940 ई0

9. 'सदानीरा' किस नदी को निमित्त बनाकर लिखा गया है?

(A) गंगा

(B) गंडक

(C) गोदावरी

(D) यमुना

10. 'धाँगड़' शब्द का अर्थ ओराँव भाषा में क्या है?

(A) भारी शरीर का आदमी

(B) हल्के शरीर का आदमी

(C) भाड़े का मजदूर

(D) लँगड़ा शरीर वाला

11. चम्पारण में गाँधी जी के चमत्कार की कथा किसने लिखी है ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) राधाकृष्ण

(D) सरदार पटेल



BiharboardQuestionpaper.com

12. जयप्रकाश नारायण की पत्नी का क्या नाम है ?

(A) प्रभावती देवी
(B) श्यामवती देवी
(C) रत्नावली
(D) दमयंती देवी

13. 'कड़बक' शीर्षक कविता किसने लिखी है?

(A) तुलसीदास
(B) कबीरदास
(C) सूरदास
(D) जायसी

14. सूरदास किस भाषा के कवि हैं?

(A) संस्कृत
(B) ब्रजभाषा
(C) अवधी
(D) मैथिली

15. 'छत्रसाल दशक' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) तुलसीदास
(B) जायसी
(C) भूषण
(D) नाभादास

16. जयशंकर प्रसाद की भाषा कौन–सी थी ?

(A) ब्रजभाषा
(B) अवधी
(C) खड़ी बोली हिन्दी
(D) मगही

17. 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) महादेवी वर्मा
(C) निराला
(D) सुमित्रानंदन पंत

18. 'हेनरी लो पेज' कहाँ के रहने वाले थे ?

(A) चीन
(B) रूस
(C) फ्राँस
(D) कांगो (अफ्रीका)



BiharboardQuestionpaper.com

19. कवि भूषण को 'भूषण' उपाधि किसने दी थी ?

(A) छत्रसाल (B) शिवाजी

(C) राज रूद्रशाह (D) औरंगजेब

20. 'अधिनायक' कैसी कविता है?

(A) श्रृंगारिक (B) व्यंग्यात्मक

(C) ऐतिहासिक (D) उपदेशात्मक

21. 'जूठन' के हेडमास्टर का नाम क्या है ?

(A) कलीराम (B) ख्यालीराम

(C) दालीराम (D) हुलासीराम

22. जे0 कृष्णमूर्ति किस रूप में देखे जाते हैं ?

(A) महामनीषी (B) तपस्वी

(C) दूसरे बुद्ध (D) सुकरात

23. नामवर सिंह किस पत्रिका के संपादक रहे हैं ?

(A) धर्मयुग (B) सारिका

(C) आलोचना (D) आजकल

24. हिन्दी साहित्य का 'सूर्य' किसे कहा जाता है?

(A) विद्यापति (B) सूरदास

(C) तुलसीदास (D) कबीरदास

25. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता संग्रह के रचयिता कौन हैं ?

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध

(B) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय



BiharboardQuestionpaper.com

(C) रामधारी सिंह दिनकर

(D) रघुवीर सहाय

26. 'इत्यादि' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) इत्य + आदि
(B) इति + आदि
(C) इत्या + दि
(D) इ + त्यादी

27. 'गायक' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) गे + अक
(B) गै + अक
(C) ग + अक
(D) गा + अक

28. 'परमार्थ' शब्द का संधि विच्छेद है –

(A) परम + अर्थ
(B) पर + मार्थ
(C) परमा + अर्थ
(D) पर + अर्थ

29. 'विद्यार्थी' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) वि + द्यार्थी
(B) विद्या + अर्थी
(C) विद्य + आर्थी
(D) विद्या + र्थी

30. 'दुर्गम' शब्द का विलोम होगा –

(A) आगम
(B) सुगम
(C) अलभ्य
(D) अगम

31. 'अनुकूल' शब्द का विलोम होगा –

(A) प्रतिकूल
(B) व्याकुल
(C) माकूल
(D) अतिकूल

32. 'आरोही' शब्द का विलोम होगा –



BiharboardQuestionpaper.com

(A) अवरोही | (B) बटरोही

(C) निर्मोही | (D) चढ़ाव

33. 'विराग' शब्द का विलोम होगा –

(A) मोह | (B) अनुराग

(C) सुराग | (D) राग

34. 'आँखों का तारा होना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) दुश्मन होना | (B) मित्र होना

(C) प्रिय होना | (D) अप्रिय होना

35. 'ऊँट के मुँह में जीरा' मुहावरे का अर्थ है –

(A) लम्बा होना | (B) कम देना

(C) अधिक खाने वाले को कम खुराक | (D) अधिक भोजन

36. 'कान काटना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) कटखना होना | (B) चतुर होना

(C) मूर्ख होना | (D) विनम्र होना

37. 'घी के दीये जलाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) समृद्ध होना | (B) प्रसन्नता व्यक्त करना

(C) दुःखी होना | (D) भयभीत होना

38. 'नगर' शब्द का विशेषण होगा –

(A) नगरीय | (B) नागरिक

(C) नगरवासी | (D) नागर

39. 'रंग' शब्द का विशेषण होगा –



BiharboardQuestionpaper.com

(A) रंगयुक्त (B) रंगबाज

(C) रंगीन (D) बेरंग

40. 'पत्थर' शब्द का विशेषण होगा ?

(A) पत्थरबाज (B) पथरीला

(C) पत्थरदिल (D) पहाड़ी

41. 'भारत' शब्द का विशेषण होगा –

(A) भारतीय (B) भरतीया

(C) भारती (D) अभारत

42. 'जीव–जंतु' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) बहुब्रीहि

(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

43. 'नीलाम्बर' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव

(C) तत्पुरूष (D) द्विगु

44. 'भरपेट' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव

(C) तत्पुरूष (D) द्विगु

45. 'चिड़ीमार' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व (D) द्विगु

46. 'सभा' शब्द कौन लिंग है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

47. 'जल' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

48. 'दल' शब्द का कौन लिंग है ?

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

49. 'रूमाल' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

50. 'उपवन' शब्द में उपसर्ग है

(A) उ (B) उप

(C) ऊप (D) अप

51. 'ईमान' शब्द में उपसर्ग है –

(A) ई (B) इ

(C) ईम (D) इम

52. 'सुकर्म' शब्द में उपसर्ग है –

(A) सु (B) सुक

(C) सुकर (D) सक

53. 'प्रकाशित' शब्द में प्रत्यय है –

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(A) इत | (B) ईत

(C) शित | (D) त

54. 'पठनीय' शब्द में प्रत्यय है –

(A) इय | (B) अनीय

(C) ठनीय | (D) निय

55. 'पंकिल' शब्द में प्रत्यय है –

(A) किल | (B) ल

(C) किंल | (D) इल

56. 'काल' के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच | (B) दो

(C) तीन | (D) चार

57. अर्थ के आधार पर संज्ञा के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच | (B) दो

(C) तीन | (D) छः

58. 'हमेशा रहने वाला' का एक शब्द होगा –

(A) शाश्वत | (B) श्रणदा

(C) समसामयिक | (D) पार्थिक

59. 'जो सब कुछ जानता हो' का एक शब्द होगा –

(A) अज्ञ | (B) सर्वज्ञ

(C) सुदर्शन | (D) सुग्रीव

60. 'ईश्वर पर विश्वास रखने वाला' का एक शब्द होगा –



BiharboardQuestionpaper.com

(A) शैव (B) आस्तिक

(C) नास्तिक (D) धर्मानुयायी

61. बालकृष्ण भट्ट की रचना 'बातचीत' साहित्य की कौन विधा है?

(A) एकांकी (B) कहानी

(C) यात्रा–संस्मरण (D) ललित निबंध

62. जयप्रकाश नारायण को कौन–सा पुरस्कार मिला था ?

(A) भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार (B) साहित्य अकादमी पुरस्कार

(C) राजेन्द्र प्रसाद शिखर पुरस्कार (D) भारत रत्न

63. 'दिनकर' को किस गद्य–पुस्तक पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था ?

(A) संस्कृति के चार अध्याय (B) दिनकर की डायरी

(C) वट पीपल (D) अर्धनारीश्वर

64. ''तीन बज गए, चार बज गए, ग्यारह बज गए''– किस पाठ की पंक्ति है ?

(A) रोज (B) हँसते हुए मेरा अकेलापन

(C) अर्धनारीश्वर (D) तिरिछ

65. ''केवल कष्ट सहकर भी देश की सेवा की जा सकती है?'' किस पाठ की उक्ति है ?

(A) ओ सदानीरा (B) सिपाही की माँ

(C) एक लेख और एक पत्र (D) उसने कहा था



BiharboardQuestionpaper.com

66. ‘परंपराशील नाट्य’ किसने लिखा है ?

(A) जगदीशचंद्र माथुर (B) मोहन राकेश

(C) जयशंकर प्रसाद (D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

67. मोहन राकेश का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1927 ई० (B) 1926 ई०

(C) 1925 ई० (D) 1901 ई०

68. ‘दूसरी परंपरा की खोज’ पुस्तक के रचनाकार कौन हैं ?

(A) नामवर सिंह (B) रामधारी सिंह दिनकर

(C) रामविलास शर्मा (D) जे० कृष्णमूर्ति

69. जायसी के पिता कौन थे ?

(A) मलिक शेख ममरेज (B) शेख जुम्मन

(C) शेख जुमराती मलिक (D) मलिक रहमान

70. ‘आखिरी कलाम’ के रचयिता कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) निराला

(C) जायसी (D) कबीरदास

71. सूरदास के दीक्षा गुरू कौन थे ?

(A) रामानंद दास (B) रामानुजाचार्य

(C) महाप्रभु वल्लभाचार्य (D) रामानन्दाचार्य

72. तुलसीदास ने घर का परित्याग किस कारणवश किया था ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) पत्नी में आसक्ति से।

(B) पत्नी की फटकार से।

(C) पत्नी के प्रेम से।

(D) पत्नी के प्रगाढ़ प्रेम से।

73. ''भगति विमुख जे धर्म सो सब अधर्म करि गए।'' किस कवि ने कहा है ?

(A) सूरदास

(B) मीराबाई

(C) नाभादास

(D) जायसी

74. 'भूषण' की 'भाषा' कौन थी ?

(A) ब्रजभाषा

(B) भोजपुरी

(C) मैथिली

(D) मागधी

75. 'चन्द्रगुप्त' नाटक के नाटकार कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) मोहन राकेश

(C) देवेन्द्र नाथ शर्मा

(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

76. किसकी रचना है ?

'आज दिशाएँ भी हँसती हैं, है उल्लास विश्व पर छाया,

मेरा खोया हुआ खिलौना, अब तक मेरे पास न आया।'

(A) मीरा बाई

(B) महादेवी वर्मा

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान

(D) सहजो बाई

77. निम्न में से गजानन माधव मुक्तिबोध की रचना कौन है ?

(A) हार–जीत

(B) जन–जन का चेहरा एक

(C) गाँव का घर

(D) अधिनायक



BiharboardQuestionpaper.com

78. 'दूध' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) द्रव्यवाचक
(D) समूहवाचक

79. 'मित्रता' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) भाववाचक
(C) द्रव्यवाचक
(D) समूहवाचक

80. 'सभा' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक
(B) भाववाचक
(C) द्रव्यवाचक
(D) व्यक्तिवाचक

81. 'फरवरी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) भाववाचक

82. 'ऊर्जा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है –

(A) स्फूर्ति
(B) आपूर्ति
(C) ओज
(D) शक्ति

83. 'ओंठ चबाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) टोना करना
(B) झाड़–फूँक करना
(C) क्रोध प्रकट करना
(D) लालच करना



BiharboardQuestionpaper.com

84. 'खून का घूँट पीना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) क्रोध प्रकट करना (B) गुस्सा पचा जाना

(C) किसी का अनिष्ट करना (D) इनमें से कोई नहीं

85. 'टेढ़ी खीर होना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) कठिन कार्य (B) सरल कार्य

(C) मामूली कार्य (D) अशुद्ध भोजन

86. 'मुट्ठी में करना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) भ्रम में रखना (B) मनमानी करना

(C) वश में न रहना (D) वश में करना

87. 'हँसी खेल समझना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) प्रसन्नतापूर्वक बात करना

(B) हास–परिहास में नाराजगी होना

(C) साधारण काम समझना

(D) तेजी से हँसी आना

88. 'लाजवाब' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरूष

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

89. 'तिरंगा' शब्द कौन समास है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) द्विगु
(B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरूष
(D) कर्मधारय

90. 'चतुरानन' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुब्रीहि
(B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरूष
(D) अव्ययीभाव

91. 'रोग पीड़ित' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष
(B) द्विगु
(C) द्वन्द्व
(D) बहुब्रीहि

92. 'आयात' शब्द का विलोम है –

(A) माँगना
(B) खरीदना
(C) निर्यात
(D) बेचना

93. 'नास्तिक' शब्द का विलोम है –

(A) आस्तिक
(B) निरामिष
(C) माँसाहारी
(D) अल्पाहारी

94. 'ऊमस' शब्द का विलोम है –

(A) ठंडक
(B) नमी
(C) उत्थान
(D) गर्मी



BiharboardQuestionpaper.com

95. 'गरीब' शब्द का विलोम है –

(A) उद्योगपति (B) पूँजीपति

(C) राजा (D) अमीर

96. 'जिसके सिर पर चंद्रमा है' का एक शब्द है –

(A) चन्द्रशेखर (B) चंद्रेश

(C) रजनीश (D) चन्द्रप्रभा

97. 'जिसके हाथ में चक्र है' का एक शब्द है –

(A) प्रभु (B) शंकर

(C) वीणापाणि (D) चक्रपाणि

98. ''गोद लिया हुआ पुत्र' का एक शब्द है –

(A) गोदनामा (B) दत्तक पुत्र

(C) दत्तचित्त (D) दत्तात्रेय

99. 'ज्ञानोदय' का संधि–विच्छेद है –

(A) ज्ञानू + दय (B) ज्ञानो + दय

(C) ज्ञान + उदय (D) ज्ञान + ओदय

100. 'पुरूषोत्तम' का संधि–विच्छेद है –

(A) पुरूष + उत्तम (B) पुरूषो + तम

(C) पुरूष + ओत्तम (D) पुरूषोत् + तम



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : 1X8=8

(i) कोरोना : महामारी

(ii) जनसंख्या विस्फोट

(iii) प्रदूषण की समस्या

(iv) संचार क्रांति

(v) इंटरनेट और छात्र

(Vi) नारी–शिक्षा

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

(क) ''सच है, जब तक मनुष्य बोलता नहीं
तब तक उसका गुण–दोष प्रकट नहीं होता।''

(ख) ''बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही।''

(ग) ''पूरब–पश्चिम से आते हैं
नंगे–बूचे नरकंकाल
सिंहासन पर बैठा, उनके
तमगे कौन लगाता है।''

(घ) ''फिर भी कोई कुछ न कर सका
छिन ही गया खिलौना मेरा
मैं असहाय विवश बैठी ही
रही उठ गया छौना मेरा।''



BiharboardQuestionpaper.com

3. अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें जिसमें महाविद्यालय में कोरोना रोक थाम शिविर लगाने के लिए निवेदन किया गया हो।

1X5=5

अथवा

अपने मुहल्ले की सफाई के लिए नगरपालिका को शिकायती पत्र लिखिए।

4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 5X2=10

(i) नूतन विश्व का निर्माण कैसे हो सकता है ?

(ii) शिक्षा का अर्थ क्या है ?

(iii) लोहा क्या है?

(iv) बँधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है ?

(v) चौर और मन किसे कहते हैं ?

(vi) जीवन क्या है?

(vii) भगत सिंह कौन थे ?

(viii) हिन्दी का श्रेष्ठतम महाकाव्य कौन है ?

(ix) फिरंगी मेम के बाग में क्या–क्या था ?

(x) कबीर ने भक्ति को कितना महत्त्व दिया है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) 'रोज' कहानी का सारांश लिखिए।

(ii) 'बातचीत' शीर्षक निबंध का सारांश लिखिए।

(iii) मालती का चरित्र–चित्रण करें।

(iv) 'उषा' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखिए।

(v) कवयित्री स्वयं को असहाय एवं विवश क्यों कहती हैं ?



BiharboardQuestionpaper.com

(vi) एकांकी और नाटक में क्या अंतर है ?

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) बोलने का विवेक, बोलने की कला और पटुता व्यक्ति की शोभा है, उसका आकर्षण है। सुबुद्ध वक्ता अपार जनसमूह का मन मोह लेता है, मित्रों के बीच सम्मान और प्रेम का केन्द्र–बिन्दु बन जाता है। जो लोग अपनी बात को राई को पहाड़ बनाकर उपस्थित करते हैं, वे एक ओर जहाँ सुनने वाले के धैर्य की परीक्षा लिया करते हैं, वही अपना और दूसरे का समय अकारण नष्ट किया करते हैं। वाणी का अनुशासन, वाणी का संयम और संतुलन तथा वाणी की मिठास ऐसी शक्ति है जो हर कठिन स्थिति में हमारे अनुकूल ही रहती है और मरने के पश्चात् भी लोगों की स्मृतियों में हमें अमर बनाए रखती है। कम बोलो, सार्थक और हितकर बोलो।

BiharboardQuestionpaper.com

(ii) महानगरों में जो सभ्यता फैली है, वह छिछली और हृदय हीन है। लोगों के पारस्परिक मिलन के अवसर तो बहुत हो गए हैं, मगर इस मिलन में हार्दिकता नहीं होती, मानवीय संबंधों में घनिष्ठता नहीं आ पाती। दफ्तरों, बसों, रेलों, सभाओं और कल–कारखानों में आदमी हर समय भीड़ में रहता है, मगर इस भीड़ के बीच वह अकेला होता है। मनुष्य के लिए मनुष्यत्व के भीतर पहले जो माया, ममता और सहानुभूति के भाव थे, वे अब लापता होते जा रहे हैं। देशों की पारस्परिक दूरी घट गई है। लेकिन आदमी और आदमी के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com